बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक : 14 मई 2026 ।   स्थान : पटना

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन विभाग, नागरिक सुरक्षा निदेशालय तथा जिला प्रशासन, बिहार सरकार के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 14 मई 2026 को पटना सहित राज्य के छह जिलों किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया एवं कटिहार में हवाई हमला एवं ब्लैकआउट संबंधी मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विभाग से प्राप्त निर्देशों के आलोक में आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु विभिन्न एजेंसियों के समन्वित अभ्यास का आयोजन किया गया। दिनभर चला यह मॉकड्रिल शाम 07:00 से 07:15 के बीच पूर्ण ब्लैकआउट के साथ सम्पन्न हुआ। मॉकड्रिल के दौरान छह परिदृश्य Air raid early warning, evacuation and sheltering, search and rescue operation, medical response and casualty evacuation, firefighting scenario तथा black out measures संबंधी माकड्रिल किया गया।

आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल के निर्देशानुसार विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (SEOC) से उक्त छह जिलों में आयोजित किए जा रहे माकड्रिल की निरंतर निगरानी की तथा संबंधित जिला के जिला पदाधिकारियों से विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

जिला प्रशासन, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉकड्रिल का आयोजन समाहरणालय मुख्य भवन कार्यालय, बिस्कोमान भवन, बांकीपुर बस स्टैंड तथा आईजीआईएमएस परिसर में किया गया।

किशनगंज जिले में समाहरणालय, बस स्टैंड एवं गांधी चौक पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। बेगूसराय जिले से प्राप्त सूचना के अनुसार सदर अस्पताल, जिला परिषद मार्केट, इंजीनियरिंग कॉलेज, IOCL बरौनी, NTPC बरौनी एवं HURL, बरौनी में अभ्यास किया गया। कटिहार जिले में रेलवे स्टेशन, होटल फोर सीजन पार्किंग, जिला अल्पसंख्यक कार्यालय, सत्कार होटल, ट्रेंड्स मॉल एवं इंदिरा गांधी पुस्तकालय में मॉकड्रिल आयोजित हुई। पूर्णिया जिले में पूर्णिया विश्वविद्यालय, जिला स्कूल, रंगभूमि मैदान, पॉलीटेक्निक चौक, आर.एन. साह चौक एवं गुलाब बाग मंडी में अभ्यास किया गया। अररिया जिले में जिला कृषि कार्यालय, खेल भवन, कन्या उच्च विद्यालय, नगर परिषद अररिया, नगर परिषद फारबिसगंज, नगर परिषद जोगबनी, नगर पंचायत नरपतगंज एवं नगर पंचायत जोकीहाट में मॉकड्रिल आयोजित की गई।

ब्लैकआउट के दौरान श्री त्यागराजन एस.एम., जिलाधिकारी, पटना, श्री आशुतोष द्विवेदी, जिलाधिकारी, कटिहार ने सिमुलेशन स्थल पर किए जाने वाले अभ्यासों का जायजा लिया। साथ ही SEOC से लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से जिला द्वारा किए जाने वाले माकड्रिल की संक्षिप्त विवरणी प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा निदेशालय के महानिदेशक डॉ. परेश सक्सेना पटना कंट्रोल रूम से निरंतर स्थिति का जायजा लेते रहे। मौके पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय के पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु शंकर त्रिवेदी, आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी, आपदा प्रबंधन के उप सचिव श्री कुमार विजयेंद्र, नगर विकास एवं आवास विभाग के तकनीकी सचिव श्री अबुल कलाम आजाद, नागरिक सुरक्षा निदेशालय के अवर सचिव श्री राकेश रंजन सिन्हा सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।